हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 31 जुलाई 2026

06 कब्रिस्तान का वार्ड बदली ने बढ़ाया पारा नपा बैठक...



07 बारिश में पाताल लोक पहुंचा पानी, शहर में बढ़ा...





## खबर संक्षेप

### पूर्व सैनिकों के लिए अग्निवीर भर्ती रैली 29 अगस्त से

**सागर।** ट्रेनिंग ईएमई सेंटर, सिकंदराबाद द्वारा अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन यूनिट मुख्यालय के अंतर्गत 29 अगस्त से 11 अक्टूबर तक किया जाएगा। इस भर्ती रैली में टेक्निकल एवं ट्रेड्समैन के पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि सागर जिले में निवास करने वाले इच्छुक पूर्व सैनिक विस्तृत जानकारी के लिए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सागर से संपर्क कर सकते हैं। भर्ती रैली से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं प्रक्रिया की जानकारी कार्यालय के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

### मूंग एवं उड़द उपार्जन के लिए स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 10 अगस्त

**सागर।** उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास श्री राजेश त्रिपाठी ने बताया कि वर्ष 2026-27 (विपणन वर्ष 2026-27) में प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द उपार्जन हेतु राज्य शासन द्वारा कृषक हित में लिए गए निर्णय के अनुक्रम में उपार्जन नीति में आंशिक संशोधन किया गया है। इसके तहत मूंग का उपार्जन कृषकों के उत्पादन का 60 प्रतिशत तक किए जाने का प्रावधान किया गया है। साथ ही स्लॉट बुक करने की अंतिम तिथि 10 अगस्त 2026 तथा मूंग एवं उड़द उपार्जन की अंतिम तिथि 20 अगस्त 2026 तक निर्धारित की गई है।

### कलेक्टर ने उपार्जन की समीक्षा कर भुगतान में तेजी लाने के दिए निर्देश

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल द्वारा आज मूंग एवं उड़द उपार्जन कार्य की समीक्षा की गई। उपसंचालक कृषि द्वारा अवगत कराया गया कि विपणन वर्ष 2025-26 में ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द उपार्जन का कार्य जिले में निर्धारित 22 केंद्रों पर किया जा रहा है। जिले में कुल 17,284 किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है, जिसमें 13,995 किसानों द्वारा उपार्जन हेतु स्लॉट बुक किए गए हैं। स्लॉट बुक किए गए किसानों में से 9,269 किसानों से 45,957 क्विंटल मूंग एवं उड़द की खरीदी की गई है। इसमें 38,640 क्विंटल मात्रा रेडी टू ट्रांसपोर्ट होने के उपरांत 31,039 क्विंटल का परिवहन किया जा चुका है। जिला विपणन अधिकारी (मार्कफेड) जिला सागर द्वारा 20,656 क्विंटल मात्रा स्वीकृत किए जाने की जानकारी दी गई। वहीं जिला प्रबंधक मध्यप्रदेश वेयर हाउसिंग जिला सागर द्वारा 18,428 क्विंटल का डब्ल्यूएचआर जारी किए जाने से अवगत कराया गया।

---

**शत-प्रतिशत हीमोग्लोबिन जांच और उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की बर्थ मैपिंग पर फोकस करें**

# आईएमआर, एमएमआर दर न्यूनतम करने खुद मोर्चे पर उतरीं कलेक्टर, कहा-जच्चा-बच्चा की सुरक्षा से समझौता नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



जिले में मातृ मृत्यु दर तथा शिशु मृत्यु दर को न्यूनतम स्तर पर लाने के लिए प्रशासन पूरी तरह सख्त और सक्रिय हो गया है। कलेक्टर प्रतिभा पाल स्वयं ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण और उन्मुखीकरण सत्रों में शामिल होकर स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले से सीधे रूबरू हो रही हैं। गुरुवार को बंडा एवं शाहगढ़ ब्लॉक के मैदानी अमले (आशा, एएनएम, सीएचओ आदि) के लिए विशेष उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सत्र के दौरान कलेक्टर ने स्पष्ट लहजे में कहर कि इस विशेष प्रशिक्षण के बाद भी यदि काम में किसी प्रकार की लापरवाही या चूक पाई गई, तो संबंधित अधिकारी-कर्मचारी की सीधी जवाबदेही तय कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर पाल ने जोर देकर कहा कि जमीनी स्तर पर आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य तंत्र की पहली और सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। आशा का कार्य नवविवाहित योग्य दंपतियों की पहचान से शुरू होकर, गर्भावस्था के पहले 12 हफ्तों के भीतर पंजीयन व एएनसी चेकअप कराने और प्रसव के बाद शिशु की सही देखरेख तक निरंतर चलता है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जमीनी स्तर पर सही डेटा एकत्र किया जाए और पोर्टल पर उसकी करेक्ट एंट्री समय पर हो। इसमें कोई फर्जीवाड़ा या जल्दबाजी बर्दाश्त नहीं होगी। महिलाओं की प्राथमिक जांच पूरी गंभीरता और पर्याप्त समय देकर करें।डॉक्टरों को निर्देशित किया गया है कि ओपीडी/आईपीडी में आने वाली गर्भवती महिलाओं की 100% ब्लड सैंपलिंग कर हीमोग्लोबिन की जांच सुनिश्चित की जाए। अगले 6 महीनों के लिए सभी उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिला की बर्थ मैपिंग की जाए कि, कौन सी गर्भवती महिला किस अस्पताल में कब भर्ती होगी, इसकी स्पष्ट जानकारी महिला, उसके परिवार तथा संबंधित अस्पताल को पहले से होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि टीकाकरण के पेन्डिंग मामलों को शून्य पर लाने के लिए रणनीति बनाकर काम किया जाए। एएनएम तय दिनों में नियमित रूप से संस्थागत कार्य शुरू करें। बीएमओ और जिम्मेदार अधिकारी प्रतिदिन पोर्टल की समीक्षा करें ताकि वास्तविक स्थिति की मॉनिटरिंग होती रहे। कलेक्टर ने स्वास्थ्य अमले को ध्यान दिलाया कि आंकड़ों के अनुसार मातृ मृत्यु की सर्वाधिक आशंका प्रसव के समय तथा शिशु मृत्यु की सर्वाधिक आशंका जन्म के शुरुआती के भीतर होती है। उन्होंने अधिकारियों से कहा, महिलाएं अब अधिक जागरूक और समझदार हैं, ऐसे में स्वास्थ्य विभाग का अमला भी पूरी सजगता के साथ काम करे। जच्चा और बच्चा दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करना आप सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, एसडीएम आरती यादव, सीएमएचओ डॉ देवेश पटेरिया सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

---



## गढ़ाकोटा में अवैध शराब के जखीरे पर पुलिस का छापा, 4 लाख से ज्यादा की शराब जब्त

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा में पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए लाखों रुपये की शराब का जखीरा बरामद किया है। बजरंग वार्ड स्थित एक मकान पर छापेमारी के दौरान पुलिस ने 4 लाख 4 हजार रुपये से अधिक कीमत की देशी और विदेशी शराब जब्त की है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया के निर्देशन में जिलेभर में अवैध शराब, जुआ और सट्टे के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सोलंकी और एसडीओपी रहली प्रकाश मिश्रा के मार्गदर्शन में गढ़ाकोटा थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बजरंग वार्ड स्थित एक मकान में बड़ी मात्रा में अवैध शराब का भंडारण कर उसकी बिक्री की जा रही है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव सिंह तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। तलाशी के दौरान मकान के एक बंद कमरे से विभिन्न ब्रांडों की देशी और विदेशी शराब का विशाल जखीरा बरामद हुआ। पुलिस ने सागर गोल्ड व्हिस्की, मैक डबल नंबर-1, बॉम्बे व्हिस्की, आईबी व्हिस्की, मैजिक मोमेंट्स, रॉयल स्टैग व्हिस्की और लीमाउंट स्ट्रॉन्ग बीयर सहित कुल 564.780 बल्क लीटर शराब जब्त की, जिसकी अनुमानित कीमत 4 लाख 4 हजार 180 रुपये बताई गई है। मौके से आरोपी अब्दुल गनी, निवासी बजरंग वार्ड के खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि इतनी बड़ी मात्रा में शराब कहां से लाई गई और इसके पीछे कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी गौरव सिंह तिवारी सहित पुलिस टीम के कई अधिकारियों और जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि जिले में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

---

## गढ़ाकोटा को मिली अत्याधुनिक न्यायालय भवन की सौगात, मुख्य न्यायाधीश ने किया वर्चुअल लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा



सागर जिले के गढ़ाकोटा क्षेत्र में न्याय व्यवस्था को और अधिक सुलभ, पारदर्शी और सुविधायुक्त बनाने की दिशा में बुधवार को एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया। गढ़ाकोटा के बहुप्रतीक्षित नवीन व्यवहार न्यायालय भवन का वर्चुअल लोकार्पण मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेक रूसिया द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर के न्यायाधीश एवं सागर जिले के पोर्टफोलियो जज न्यायमूर्ति विशाल धगत विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### 17.57 करोड़ की लागत से बना आधुनिक परिसर

सागर-गढ़ाकोटा मार्ग पर निर्मित यह नवीन न्यायालय परिसर लगभग 1.68 हेक्टेयर भूमि पर फैला हुआ है, जिसका कुल निर्मित क्षेत्र 6,210 वर्गमीटर है। लोक निर्माण विभाग और न्यायिक अधिकारियों की देखरेख में तैयार इस सर्वसुविधा युक्त भवन के निर्माण पर कुल 17 करोड़ 57 लाख 58 हजार रुपये की लागत आई है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुसार, निर्माण कार्य के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एम.के. शर्मा ने समय-समय पर स्थल का निरीक्षण कर निर्माण सामग्री और सुविधाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित की।

लोकार्पण समारोह में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिले के न्यायिक अधिकारी, जिला प्रशासन व पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, बड़ी संख्या में अधिवक्ता गण और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। वक्ताओं ने विश्वास जताया कि ई-फाइलिंग और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग जैसी डिजिटल सुविधाओं से गढ़ाकोटा और आसपास के ग्रामीण अंचलों के लोगों को त्वरित और सुलभ न्याय मिल सकेगा।

---

## पेपर लीक कानून विद्यार्थियों के भविष्य की सुरक्षा की गारंटी : भूपेंद्र सिंह



**सागर।** पूर्व गृह मंत्री एवं खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह ने लोकसभा में पब्लिक एग्जामिनेशन (संशोधन) विधेयक-2026 पारित होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन करते हुए इसे करोड़ों विद्यार्थियों के भविष्य की सुरक्षा और परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने वाला ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने दो दिन चली चर्चा में केवल राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप किए, लेकिन पेपर लीक रोकने के लिए कोई ठोस सुझाव नहीं दिया। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि संशोधित कानून के तहत पेपर लीक और परीक्षा से जुड़े संगठित अपराधों पर 10 वर्ष तक के कठोर कारावास तथा दोषी संस्थानों पर 10 करोड़ रुपये तक जुर्माने का प्रावधान किया गया है। इससे पेपर लीक माफियाओं और नकल गिरोहों पर प्रभावी अंकुश लगेगा। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाएं लाखों युवाओं के सपनों से जुड़ी होती हैं और प्रश्नपत्र लीक होने से उनकी वर्षों की मेहनत प्रभावित होती है। केंद्र सरकार का संकल्प है कि भर्ती परीक्षाएं पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही के साथ हों तथा धांधली करने वालों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से युवाओं के भविष्य की सुरक्षा के मुद्दे पर एकजुट होकर काम करने की अपील की।

---



## श्री झूलेलाल मूर्ति सजाओ प्रतियोगिता संपन्न विजेताओं को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

श्री झूलेलाल चलीहा महोत्सव के अंतर्गत आयोजित श्री झूलेलाल मूर्ति सजाओ प्रतियोगिता उत्साह एवं श्रद्धा के साथ संपन्न हुई। प्रतियोगिता में समाज की महिलाओं एवं युवतियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कुल 30 आकर्षक एवं मनमोहक सजी हुई भगवान श्री झूलेलाल की प्रतिमाएं प्रतियोगिता में प्रस्तुत की गईं, जिन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। निर्णायक मंडल द्वारा प्रतिमाओं की सजावट, आकर्षण, स्वच्छता एवं रचनात्मकता के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार खुशी लखवानी, द्वितीय पुरस्कार सुहानी बहरानी तथा तृतीय पुरस्कार कुसुम नागवानी को प्रदान किया गया। इसके अलावा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अन्य प्रतिभागियों को भी प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान आयोजित भगवद्गीता ज्ञान प्रश्नोत्तरी में सही उत्तर देने पर किरण लहरवानी, मोना जुगवानी एवं दीपा मोटवानी को भारती मोहनानी द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

आयोजन में सिंधी समाज के बड़ी संख्या में महिला-पुरुष एवं युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में लालाराम मेठबानी, सुरेश मोहनानी, सोनू जसवानी, अजय पंजवानी, विन्नू आहूजा, महिला मंडल अध्यक्ष दीया राजपूत, भारती मोहनानी, ममता तलरेजा, कनक लोटवानी तथा रैना गोकलानी सहित समाज के अनेक सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों, अतिथियों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि श्री झूलेलाल चलीहा महोत्सव के माध्यम से समाज में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक एकता को और अधिक मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है।

---

## देवरी में कीटनाशक दुकानों पर कृषि विभाग ने किया निरीक्षण

**सागर।** किसानों को उच्च गुणवत्ता की कीटनाशक दवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निरीक्षण दल द्वारा विकासखंड देवरी की कीटनाशक दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान कृषि विभाग की टीम ने दुकानों में दवाओं के भंडारण, स्टॉक रजिस्टर और बिक्री संबंधी दस्तावेजों की सघन जांच की।भारत सरकार द्वारा जुलाई 2026 से पैराक्वाट डाइक्लोराइड पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। निरीक्षण दल ने विशेष रूप से यह सुनिश्चित किया कि कोई भी विक्रेता इस प्रतिबंधित रसायन की बिक्री या भंडारण न कर रहा हो।

---

## महिला अधिकारों एवं सामाजिक सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के कन्या छात्रावास परिसर में महिला अधिकारियों, कर्मचारियों, शोधार्थियों एवं आउटसोर्स महिला कर्मियों के लिए सामाजिक सुरक्षा संहिता-2020 पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके वैधानिक अधिकारों, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और कार्यस्थल पर उपलब्ध कानूनी संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। मुख्य वक्ता श्रम प्रवर्तन अधिकारी अंकिता शुक्ला ने समान कार्य के लिए समान वेतन, सवेतन मातृत्व अवकाश, सीपीग्राम्स एवं समाधान 2.0 जैसी व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और आवश्यकता पड़ने पर कानूनी सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कन्या छात्रावास की मुख्य प्रतिपालिका कार्यक्रम में कन्या छात्रावास की मुख्य प्रतिपालिका प्रो. ऋतु यादव ने विश्वविद्यालय की महिला सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर विभिन्न छात्रावासों की प्रतिपालिकाएं, महिला कर्मचारी, शोधार्थी एवं आउटसोर्स महिला कर्मियों ने भाग लिया। संचालन डॉ. अर्चना वर्मा एवं आभार प्रदर्शन डॉ. वैशाली यादव ने किया।

---

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हे कि मै श्याम फबवानी पिता अशोक कुमार फबवानी निवासी, सिंधी धर्मशाला के पास, इंद्रानगर वार्ड ए 5 सिविल लाइंस, सागर 470001, म.प्र.। मेरा पुत्र **आलोक फबवानी** सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल, सागर में कक्षा 8 में अध्ययनरत है, जिसके स्कूल रिकॉर्ड में भूलवश मेरे पुत्र का नाम **'श्लोक फबवानी'** लेख हो गया है। जबकि सही नाम आलोक फबवानी है। अतः स्कूल रिकॉर्ड में मेरे पुत्र का नाम **'श्लोक फबवानी'** से **'आलोक फबवानी'** ( ALOK FABWANI) दर्ज किया जाये जो की सही है।

**शपथकर्ता**
**श्याम फबवानी**

---

**12 करोड़ के नए स्कूल भवन में पहली बारिश ने खोली गुणवत्ता की पोल**

# महर्षि सांदीपनि श्रद्धा पर्व एवं अलंकरण समारोह में प्रतिभाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा



सागर जिले के गढ़ाकोटा स्थित सांदीपनि शासकीय साबूलाल उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को महर्षि सांदीपनि श्रद्धा पर्व एवं अलंकरण समारोह-2026 का आयोजन उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में आयोजित इस समारोह में विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जन प्रतिनिधियों, अभिभावकों और नगरवासियों का मन मोह लिया। वहीं, शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेल एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

हालांकि समारोह के दौरान ही विद्यालय के करीब 12 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नए भवन की गुणवत्ता पर सवाल भी उठ गए। पहली ही बारिश में भवन के कई हिस्सों से पानी टपकने लगा, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका उपाध्यक्ष फूलवती यादव, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी, वरिष्ठ समाजसेवी वसंत यादव, एसएमसी अध्यक्ष पवन विश्वकर्मा, प्राचार्य शिव सिंह ठाकुर एवं अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती और महर्षि सांदीपनि के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। मुख्य अतिथियों ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च है। गुरु ही विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं और उन्हें जीवन की सही दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, संस्कार और राष्ट्र निर्माण की भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।विद्यालय के प्राचार्य शिव सिंह ठाकुर ने कहा कि विद्यालय केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने आयोजन में सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

समारोह में विद्यार्थियों ने स्वागत गीत, समूह नृत्य, समूहगान, देशभक्ति गीत, एकल नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। आकर्षक मंच सज्जा और विद्यार्थियों के आत्मविश्वासपूर्ण प्रदर्शन पर पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार ने अतिथियों के साथ पत्रकार मुन्नालाल साहू, राजेंद्र साहू, रवि सोनी और नितिन साहू का भी पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।

### पहली बारिश में टपका 12 करोड़ का भवन, गुणवत्ता पर उठे सवाल

समारोह के बीच विद्यालय के नवनिर्मित भवन की स्थिति चर्चा का विषय बनी रही। पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव के प्रयासों से लगभग 12 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस भवन का अभी औपचारिक लोकार्पण भी नहीं हुआ है, लेकिन पहली ही बारिश में भवन के कई हिस्सों से पानी रिसने लगा। सूत्रों के अनुसार, सभागार की दीवारों में सीलन दिखाई देने लगी है, ऊपरी मंजिल के कमरों में पानी भर रहा है तथा कई स्थानों से छत टपक रही है। भवन में हाल ही में विद्युत फिटिंग का कार्य किया गया है, जबकि कई कमरों में अभी पंखे भी नहीं लगाए गए हैं। ऐसे में बारिश का पानी विद्युत व्यवस्था के लिए भी खतरा बन सकता है। करोड़ों रुपये की लागत से बने इस भवन में यदि लोकार्पण से पहले ही ऐसी स्थिति है तो निर्माण की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। उनका कहना है कि यदि समय रहते खामियों को दूर नहीं किया गया तो भविष्य में विद्यार्थियों की सुरक्षा भी प्रभावित हो सकती है।

---

## कार्यालय नगर पालिक निगम सागर म.प्र.

क्र./नामा./रा.वि./न.नि./2026 -27 /32 — **सूचना** — सागर दिनांक 29/07/26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सीमा के अंतर्गत नीचे दिये गये भवनों/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन-पत्र प्राप्त हुये हैं। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर आयुक्त नगर पालिक निगम, सागर के नाम प्रस्तुत कर सकते हैं।

| प्रकरण क्रमांक | वार्ड का नाम म.न./प्लाट | किस आधार पर | नाम बेचवार/वसीयतदाता/दानदाता/वंशानुक्रम द्वारा | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है |
|---|---|---|---|---|
| 811 26/27 | बाघराज | रजि. बैनामा शपथ पत्र | नारायण, पूरन, राजू तीनों पिता स्व. अन्तू एवं देवका बाई पति भगवान दास, गणेशीबाई पति बिहारी दोनों पुत्रियाँ स्व. अन्तू पटेल | अन्जू पति प्रेमप्रकाश पाठक |
| 812 26/27 | अम्बेडकर | रजि. बैनामा शपथ पत्र | अनुभा पति मनीष कुमार, पुत्री कमल कुमार जैन | राहुल पिता सनत कुमार एवं रजनी पति राहुल जैन |
| 813 26/27 | सुभाष नगर | रजि. बैनामा शपथ पत्र | रत्ना पति सचिन साहू | रचना पति चन्द्रभान अहिरवार |
| 814 26/27 | सुभाष नगर | रजि बैनामा शपथ पत्र | रत्ना पति सचिन साहू | रेखा रानी पति ठाकुरदास अहिरवार |
| 815 26/27 | तुलसी नगर | रजि बैनामा शपथ पत्र | शमशाद बेगम पति अकबर एवं सरताज पति अख्तर कुरेशी | रिहना बी पति ईसब एवं अमन वल्द ईसब खान |
| 816 26/27 | शुक्रवारी | रजि बैनामा शपथ पत्र | शैलेन्द्र पिता सुरेश कुमार दीक्षित | आकाश पिता सुदामा प्रसाद विश्वकर्मा |
| 817 26/27 | दयानन्द | रजि बैनामा शपथ पत्र | मु0 वफातनबी स्व. हल्लूशाह मुसलमान | रसीद वल्द करीम शाह मुसलमान |
| 818 26/27 | दयानन्द | मृत्यु प्रमाण पत्र शपथ पत्र | स्व. कौसाबाई पति स्व.लालचन्द एवं स्व. अशोक कुमार पिता स्व. लालचन्द जैन | सुनील कुमार, ज्योति, शिल्पी सभी पिता स्व. अशोक कुमार जैन |
| 819 26/27 | बाघराज | रजि बैनामा शपथ पत्र | प्रकाश पिता स्व. शिवशंकर चौबे | अनिल पिता जे. पी. श्रीवास्तव |
| 820 26/27 | वृन्दावन | रजि बैनामा शपथ पत्र | सुशान्त पिता विनोद कुमार जैन | सूर्यान्श पिता सुशील तिवारी |

**आयुक्त , नगर पालिक निगम, सागर**

## आपत्ति के बाद प्रस्ताव में संशोधन पर बनी सहमति, 33 विकास प्रस्तावों पर मंथन

# कब्रिस्तान का वार्ड बदली ने बढ़ाया पारा नपा बैठक का गरमाया माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



नगर पालिका परिषद की गुरुवार को आयोजित बैठक एक बार फिर तीखी बहस, नोकझोंक और हंगामे के कारण सुर्खियों में रही। शहर के विकास से जुड़े 33 महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा के दौरान वार्ड क्रमांक 5 में स्थित कब्रिस्तान को सरकारी दस्तावेजों में वार्ड क्रमांक 6 में दर्शाए जाने का मामला सामने आते ही सदन का माहौल गर्म हो गया। भाजपा पार्षद अभिषेक खरे ने एजेंडे में दर्ज वार्ड नंबर पर आपत्ति जताते हुए प्रस्ताव में संशोधन की मांग की। मामला बढ़ने पर पक्ष और विपक्ष के पार्षदों ने हाथ खड़े कर मतदान किया। अंततः प्रस्ताव में संशोधन करने पर सहमति बनी और संशोधन के बाद ही आगे की कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। बैठक में नजरबाग परिसर स्थित पुराने शासकीय कन्या विद्यालय भवन में गीता भवन के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई। इसी तरह सामाजिक न्याय विभाग के पीछे स्थित खाली भूमि पर अटल सभागार बनाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी मिली। वार्ड क्रमांक 2 में महेंद्र सागर तालाब पर सांस्कृतिक मंच निर्माण की निविदा दर स्वीकृत करने के साथ ही पीजी कॉलेज के पास महेंद्र सागर तालाब के सौंदर्यीकरण पर भी चर्चा की गई।

### कब्रिस्तान के वार्ड नंबर पर हंगामा

बैठक के दौरान कब्रिस्तान के सौंदर्यीकरण से संबंधित प्रस्ताव में वार्ड क्रमांक 6 का उल्लेख किए जाने पर भाजपा पार्षद अभिषेक खरे ने आपत्ति दर्ज कराई। उनका कहना था कि संबंधित कब्रिस्तान वार्ड क्रमांक 5 में स्थित है, इसलिए दस्तावेजों में गलत वार्ड नंबर दर्ज किया जाना उचित नहीं है। उन्होंने प्रस्ताव में आवश्यक संशोधन किए जाने की मांग रखी। इस पर पार्षद हबीब राइन ने संवेदनशील मुद्दे पर सभी पार्षदों से सहमति से निर्णय लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि मुक्तिधाम और कब्रिस्तान जैसे विषयों को राजनीतिक विवाद का मुद्दा बनाने के बजाय जनहित और संवेदनशीलता के साथ देखा जाना चाहिए। हालांकि इस मुद्दे पर सदन में पक्ष-विपक्ष के बीच बहस तेज हो गई। स्थिति यहां तक पहुंची कि पार्षदों से हाथ खड़े कराकर मतदान कराया गया। आखिरकार प्रस्ताव में संशोधन करने पर सहमति बनी।

### पुराने नगर पालिका भवन की जगह बनेगा सामुदायिक भवन

वार्ड क्रमांक 6 के बौरी दरवाजा स्थित पुराने नगर पालिका भवन को तोड़कर वहां सामुदायिक भवन निर्माण का प्रस्ताव भी बैठक में शामिल किया गया। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 7 में एक अन्य सामुदायिक भवन के निर्माण का प्रस्ताव रखा गया। परिषद के इन निर्णयों से संबंधित वार्डों में सामाजिक एवं सामुदायिक गतिविधियों के लिए नए स्थान उपलब्ध होने की उम्मीद है।



### बड़ी नालियों और कवर्ड नाला निर्माण को भी मंजूरी

शहर में परेशानी का सबब बन चुकी जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से वार्ड क्रमांक 18 में अस्पताल चौराहे से गिरी पैलेस तक बड़ी नाली निर्माण के प्रस्ताव पर भी निर्णय लिया गया। जिससे शहर में जलभराव की स्थिति से शहरवासियो को राहत मिल सके। इसके अलावा वंडा नाला से डीएफओ बंगला तक तथा खादी आश्रम से राजा की दीवाल तक आरसीसी कवर्ड नाला निर्माण को स्वीकृति दी गई। इन कार्यों को शहर की जल निकासी व्यवस्था के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### पुलिस लाइन चिल्ड्रन पार्क का टेंडर निरस्त

परिषद ने पुलिस लाइन चिल्ड्रन पार्क से संबंधित निविदा को निरस्त करने का निर्णय भी लिया। वहीं शहर में नागरिक सुविधाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से कई नए निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई। वार्ड क्रमांक 1 की भरी तलैया कॉलोनी में सीसी रोड और नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 3 में तालदरवाजा स्थित पुराने सीएमओ आवास के सामने टीन शेड निर्माण तथा वार्ड क्रमांक 5 में महेंद्र सागर तालाब के पास अस्थायी वेंडर जोन शेड निर्माण का प्रस्ताव भी बैठक में रखा गया, जिन पर परिषद ने आवश्यक निर्णय लिए।

### पांच नई कचरा गाड़ियां खरीदने पर भी निर्णय

नगर की सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पांच कचरा गाड़ियां खरीदने और उनके भुगतान की स्वीकृति से संबंधित प्रस्ताव पर भी परिषद में विचार किया गया। जिस पर सभी पार्षदो ने अपनी राय रखी। वहीं कटरा बाजार शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की निविदा निरस्त कर शेष निर्माण कार्य के लिए दोबारा निविदा आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया।

### विकास कार्यों पर पक्ष-विपक्ष ने हाथ उठाकर जताई सहमति

बैठक की खास बात यह रही कि कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर पार्षदों से हाथ खड़े कराकर मतदान कराया गया। इस दौरान पक्ष और विपक्ष के पार्षदों ने अपनी-अपनी राय रखी। जहां कुछ मुद्दों पर तीखी बहस हुई, वहीं कई विकास प्रस्तावों पर सदन में सहमति भी बनी। नगर पालिका परिषद की बैठक में प्रभारी अध्यक्ष एवं डिप्टी कलेक्टर अंजली शर्मा तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया सहित पार्षद और नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक में एक ओर शहर के विकास को गति देने वाले प्रस्तावों को मंजूरी मिली, तो दूसरी ओर कब्रिस्तान के वार्ड नंबर को लेकर हुआ विवाद इस बैठक का सबसे चर्चित मुद्दा बन गया।

## शिकायतों के बाद दबाव बनाने का लगाया आरोप

# पांच से अधिक शिक्षकों ने उठाई बकाया वेतन व मूल दस्तावेज देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के निजी विद्यालय श्री गुरु हरिकिशन स्कूल से जुड़ा विवाद एक बार फिर चर्चा में आ गया है। विद्यालय के पांच से अधिक वर्तमान एवं पूर्व शिक्षकों ने प्रबंधन पर उनके बकाया वेतन का भुगतान नहीं करने तथा विद्यालय में जमा उनके मूल दस्तावेज वापस नहीं करने के आरोप लगाए हैं। शिक्षकों का कहना है कि वे पिछले कई दिनों से अपने अधिकारों के लिए विद्यालय प्रबंधन से संपर्क कर रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें न तो बकाया वेतन का भुगतान किया गया और न ही उनके मूल दस्तावेज लौटाए गए हैं।



### लगाए आरोप

शिकायतकर्ता शिक्षकों के अनुसार, मामले को लेकर उन्होंने जिला प्रशासन के साथ-साथ केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल एवं संबंधित अधिकारियों के समक्ष भी शिकायतें प्रस्तुत की हैं। शिकायतकर्ताओं का दावा है कि इन शिकायतों के बाद विद्यालय की मान्यता से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जांच की जा रही है। हालांकि, इस संबंध में जांच की वास्तविक स्थिति और उसके निष्कर्ष संबंधित विभागों से स्पष्ट होना बाकी है। शिकायतकर्ता शिक्षकों का आरोप है कि अपनी समस्याओं को संबंधित अधिकारियों के सामने रखने के बाद विद्यालय प्रबंधन कथित रूप से उन पर दबाव बनाने का प्रयास कर रहा है। शिक्षकों का कहना है कि उन्हें डराने-धमकाने और शिकायतों से पीछे हटाने के उद्देश्य से उनके विरुद्ध झूठे अथवा फर्जी प्रकरण दर्ज कराने का प्रयास किया जा रहा है।

शिक्षकों ने आरोप लगाया कि यदि उनके खिलाफ किसी प्रकार की कार्रवाई की जाती है तो उसकी निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि मामला वास्तविक है अथवा शिकायतों को दबाने के उद्देश्य से कार्रवाई का प्रयास किया जा रहा है। शिक्षकों का कहना है कि उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा बकाया वेतन और विद्यालय में जमा मूल शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेजों की वापसी है। उनका आरोप है कि लंबे समय से सेवाएं देने के बावजूद उनका वेतन बकाया है और कई शिक्षकों के मूल दस्तावेज अब भी विद्यालय प्रबंधन के पास हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि रोजगार से जुड़े मूल दस्तावेज किसी शिक्षक के लिए बेहद महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि आगे की नौकरी, नियुक्ति अथवा अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं में इनकी आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में दस्तावेजों की वापसी में देरी से शिक्षकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामले को लेकर शिकायतकर्ता शिक्षकों चंद्रमौली तिवारी, नैतिक देहलवार, अनिल कुमार, विश्वजीत नरवाडे, पीयूष चतुर्वेदी सहित अन्य शिक्षकों ने पुलिस एवं जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी और तथ्यात्मक जांच कराने की मांग की है। शिक्षकों ने मांग की है कि जांच के दौरान बकाया वेतन, मूल दस्तावेजों को विद्यालय में रखे जाने, उनके द्वारा की गई शिकायतों तथा कथित दबाव बनाए जाने के आरोपों की भी जांच की जाए। यदि जांच में किसी व्यक्ति की भूमिका कानून के विरुद्ध पाई जाती है तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। शिकायतकर्ताओं ने प्रशासन से यह भी मांग की है कि उनके बकाया वेतन का तत्काल भुगतान कराया जाए तथा विद्यालय में जमा उनके मूल दस्तावेज शीघ्र वापस दिलाए जाएं। इसके साथ ही शिक्षकों को किसी भी प्रकार के दबाव, धमकी, उत्पीड़न अथवा प्रताड़ना से सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग भी की गई है। फिलहाल मामला शिक्षकों द्वारा लगाए गए आरोपों और प्रशासन एवं सीबीएसई के समक्ष प्रस्तुत शिकायतों के आधार पर चर्चा में है। पूरे प्रकरण में वास्तविक स्थिति जांच के निष्कर्ष और संबंधित पक्षों के आधिकारिक जवाब सामने आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

**इनका कहना है**

विद्यालय प्रबंधन पर लगाए जा रहे आरोप निराधार है। जिनकी निष्पक्ष जांच में सहयोग के लिये विद्यालय भी तैयार है।

**इंदरपाल सिंह पिंटू ओबेरॉय**, संचालक व सचिव, श्रीगुरु हरिकिशन स्कूल

# बुडेरा पुलिस की तत्परता से अपहृत नाबालिग बालिका सकुशल बरामद




**टीकमगढ़।** जिले की बुडेरा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहृत नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द करने में सफलता हासिल की है। पुलिस की इस कार्रवाई में सूचना तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना बुडेरा पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार 22 जुलाई को बुडेरा निवासी फरियादी ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता (इठर) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की। नाबालिग से जुड़ा मामला होने के कारण पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी बुडेरा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने सूचना तंत्र को सक्रिय करने के साथ तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया और संभावित स्थानों पर लगातार तलाश शुरू की। पुलिस टीम की तत्परता और लगातार किए गए प्रयासों के परिणामस्वरूप बालिका को अल्पावधि में ही सकुशल बरामद कर लिया गया। बालिका का पता लगाने के बाद पुलिस ने मामले में सभी आवश्यक वैधानिक प्रक्रियाओं का पालन किया। अपहृता के भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 180 एवं 183 के तहत माननीय न्यायालय के समक्ष कथन दर्ज कराए गए। कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बालिका को सुरक्षित रूप से उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बुडेरा उपनिरीक्षक बृजेन्द्र सिंह घोषी, साइबर सेल टीकमगढ़ के प्रभारी उपनिरीक्षक मयंक नगायच, प्रधान आरक्षक रहमान, प्रधान आरक्षक अमरनाथ अहिरवार, आरक्षक जितेन्द्र सिंह चंदेल, आरक्षक ऋषि प्रताप सिंह, आरक्षक चन्द्रभान राजपूत, आरक्षक रामकिशोर, महिला आरक्षक सुनीता एवं महिला आरक्षक मोहनी खंगार की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि नाबालिगों से जुड़े मामलों में पुलिस द्वारा संवेदनशीलता और प्राथमिकता के साथ कार्रवाई की जा रही है। इस मामले में भी त्वरित कार्रवाई कर बालिका को सुरक्षित बरामद कर परिजनों तक पहुंचाया गया।

## डिप्टी कलेक्टर व सीएमओ ने रोपे पौधे

# नगर पालिका परिसर में पौधारोपण कर लिया संरक्षण का संकल्प




हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शहर को हरा-भरा और पर्यावरण की दृष्टि से समृद्ध बनाने के उद्देश्य से संचालित अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत गुरुवार 30 जुलाई को नगर पालिका परिसर स्थित पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त आयोजित कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी नगर पालिका अध्यक्ष अंजलि शर्मा तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल भदौरिया ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका परिषद के सभी पार्षदों ने भी उत्साहपूर्वक पौधे रोपकर अभियान में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। जनप्रतिनिधियों ने पौधारोपण को महज एक औपचारिक कार्यक्रम तक सीमित न रखते हुए लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान शहर में अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ उनके संरक्षण की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया गया। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी नगर पालिका अध्यक्ष अंजलि शर्मा ने कहा कि बढ़ते शहरीकरण और बदलते पर्यावरणीय परिस्थितियों के बीच हरियाली का विस्तार समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। केवल पौधे लगाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि लगाए गए प्रत्येक पौधे की नियमित देखभाल कर उसे वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखना भी उतना ही जरूरी है। इसके लिए प्रशासन के साथ-साथ आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। सीएमओ भदौरिया ने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के साथ-साथ हरित शहर के रूप में विकसित करने में पौधारोपण अभियान महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यदि प्रत्येक नागरिक अपने स्तर पर कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी जिम्मेदारी उठाए तो शहर में हरियाली का दायरा तेजी से बढ़ाया जा सकता है। कार्यक्रम में मौजूद समस्त पार्षदो ने नागरिकों से अपील करते हुये कहा कि वे अपने घर, प्रतिष्ठान, सार्वजनिक स्थानों और उपलब्ध खाली जगहों पर अधिक से अधिक पौधे लगाएं। साथ ही लगाए गए पौधों को पानी देने, उनकी सुरक्षा करने और नियमित देखभाल की जिम्मेदारी भी निभाएं। इस अवसर पर नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# नशे से दूरी है जरूरी 2.0 का समापन नशामुक्त समाज का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

## 15 से 30 जुलाई तक चले अभियान में चौपाल से मैराथन तक हुए आयोजन

समाज को नशे की गिरफ्त से मुक्त कर स्वस्थ, सुरक्षित और जागरूक वातावरण तैयार करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित प्रदेशव्यापी जनजागरूकता अभियान नशे से दूरी है जरूरी 2.0 का गुरुवार 30 जुलाई को जिलेभर में गरिमापूर्ण समापन हुआ। पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल के निर्देशन में जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में समापन कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें पुलिस बल के साथ बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने सहभागिता की।

समापन कार्यक्रमों में थाना एवं चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, ग्राम एवं नगर रक्षा समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी, युवा, विद्यार्थी तथा ग्रामीण और नगरवासी शामिल हुए। इस दौरान उपस्थित लोगों को नशामुक्ति की सामूहिक शपथ दिलाई गई और नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित नहीं करता, बल्कि इससे परिवार की खुशियां, सामाजिक समरसता और समाज की प्रगति भी प्रभावित होती है। नशे की लत कई बार व्यक्ति के साथ पूरे परिवार को आर्थिक, मानसिक और सामाजिक संकट में डाल देती है। ऐसे में नशे के खिलाफ जागरूकता को केवल सरकारी अभियान तक



सीमित न रखकर इसे सामाजिक आंदोलन का रूप देने की जरूरत है। समापन अवसर पर नागरिकों को स्वयं नशे से दूर रहने के साथ परिवार, मित्रों और आसपास के लोगों को भी नशे से बचाने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस ने युवाओं से विशेष रूप से अपील की कि वे नशे से दूरी बनाकर खेल, शिक्षा, रोजगार और रचनात्मक गतिविधियों को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा 15 जुलाई से 30 जुलाई तक चलाए गए इस अभियान के तहत टीकमगढ़ जिले में विभिन्न स्तरों पर व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। गांवों और शहरी क्षेत्रों में चौपाल, गोष्ठियां, नुक्कड़ नाटक, मानव श्रृंखला, मैराथन, जागरूकता रैली और कार्यशालाओं के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। इसके अलावा विद्यार्थियों और युवाओं को अभियान से जोड़ने के लिए क्विज एवं निबंध प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। पुलिस द्वारा बैनर, पोस्टर, पंपलेट, वीडियो संदेश और जागरूकता रथ के माध्यम से भी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क किया गया। अभियान के दौरान लोगों को नशामुक्त जीवन अपनाने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया। टीकमगढ़ पुलिस ने अभियान को सफल बनाने में सहयोग देने वाले जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों, ग्राम एवं नगर रक्षा समितियों, मीडिया प्रतिनिधियों तथा जागरूक नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही कहा कि अभियान का समापन महज कार्यक्रमों की समाप्ति है, नशे के खिलाफ लड़ाई की नहीं। नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लगातार जारी रखना होगा। पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति स्वयं नशे से दूर रहे और कम से कम एक अन्य व्यक्ति को भी नशे से बचाने के लिए प्रेरित करे। क्योंकि सामूहिक प्रयासों से ही टीकमगढ़ को स्वस्थ, सुरक्षित और नशामुक्त समाज की दिशा में आगे बढ़ाया जा सकता है।

## पीडब्ल्यूडी एसडीओ ने किया सड़क का निरीक्षण, बोले-नहीं मिली कोई खामी

# 4 करोड़ की सड़क में दरार की खबर पर हुई जांच, मिली क्लीनचिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के पलेरा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 4 करोड़ रुपये की लागत से बनाई जा रही सड़क निर्माण परियोजना को लेकर की गई शिकायत को लेकर जतारा पीडब्लूडी एसडीओ ज़ब जांच व निरिक्षण करने रामनगर उगद पहुंचे तो वहाँ उन्होंने पाया कि सड़क निर्माण में कोई कोताही नहीं बरती गईं। उक्त सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों द्वारा सवाल उठाये गये थे। जिसकी खबरें प्रकाशित की गईं थी। जिसके बाद जतारा पीडब्लूडी एसडीओ आलोक खरे ने निर्माण स्थल का निरिक्षण किया।







उक्त सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने पूर्व में आरोप लगाया था कि सड़क निर्माण में डामर और गिट्टी का मिश्रण निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप नहीं किया गया। उनका दावा था कि सड़क पर बिछाई गई नई परत इतनी कमजोर है कि उसे हाथों से ही उखाड़ा जा सकता है। जिसका ग्रामीणों द्वारा वीडियो भी बनाकर वायरल किया गया था। वायरल वीडियो में कुछ ग्रामीण नई बनी सड़क की डामर परत को आसानी से निकालते दिखाई दे रहे थे, जिसकी खबरें प्रकाशित की गईं थी। पीडब्लूडी विभाग ने जानकारी देते हुये बताया था कि लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जा रहे इस सड़क निर्माण कार्य पर करीब 4 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। जिस पर ग्रामीणों का कहना था कि इतनी बड़ी सार्वजनिक राशि खर्च होने के बावजूद सड़क की गुणवत्ता शुरुआत में ही सवालों के घेरे में है। उनका आरोप था कि यदि अभी यह स्थिति है तो बारिश और भारी वाहनों के दबाव में सड़क कितने दिन टिक पाएगी। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया था कि सड़क के दोनों ओर बनाए जाने वाले शोल्डर पटरी का कार्य भी अधूरा छोड़ दिया गया है। उनका कहना था कि सड़क किनारे समुचित भराव नहीं होने से वाहन चालकों को परेशानी होगी और दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ सकती है। उनका मानना था कि अधूरा और कथित रूप से घटिया निर्माण भविष्य में बड़ी समस्या बन सकता है। ग्रामीणों ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष तकनीकी जांच कराने, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की प्रयोगशाला में जांच कराने तथा दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों और संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की थी। उक्त संबंध में खबरें प्रकाशित होने के बाद जतारा पीडब्लूडी एसडीओ आलोक खरे संबंधित ठेकेदार की मौजूदगी में निर्माण स्थल पर पहुंचे और निरिक्षण करते हुये नियमानुसार सड़क की जाँच की। जिसमें पाया गया कि सड़क निर्माण में कोई कोताही नहीं बरती गईं है। सड़क निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण है।

**इनका कहना है**

हमने मौके पर जाकर सड़क निर्माण की गुणवत्ता की जांच की है। जिसमें न तो सड़क में कोई दरार पाई गईं और न ही कोई कमी पाई गईं।

**आलोक खरे**, एसडीओ पीडब्लूडी जतारा

100 फीट तक गिरा शहरी क्षेत्र का भूजल स्तर

# बारिश में पाताल लोक पहुंचा पानी, शहर में बढ़ा जल संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जुलाई और अगस्त माह को श्योपुर जिले में बारिश का पीक सीजन माना जाता है। इस सीजन में अत्यधिक बारिश होने की वजह से भूजल स्तर काफ़ी ऊपर उठ जाता है पर इस बार उल्टा ही हो रहा है। गर्मियों में भूजल स्तर लेबल से ऊपर था लेकिन जैसे ही बरसात का सीजन शुरू हुआ भूजल स्तर इतनी अधिक तेजी से गिरा कि एक महीने में ही पानी 100 फीट तक नीचे चला गया। जून महीने में शहरी क्षेत्र का जो भूजल स्तर करीब 70 फीट था वह आज बढ़कर 170 हो गया है। शहरी क्षेत्र में इस तरह भूजल स्तर के गिरने से पेयजल संकट मंडरा गया है। ऐसा कोई दिन बाकी नहीं जाता जब नगर पालिका की टीम को विभिन्न वार्डों में पहुंचकर पानी का साथ छोड़ चुकी बोर में नए पाइप उतारते नहीं देखा जाता हो।

शहर श्योपुर के वार्ड क्रमांक 1 बगीची मोहल्ला, वार्ड क्रमांक 2 अब्बासियान बस्ती, वार्ड क्रमांक 3 छारबाग़ टीला मोहल्ला सहित ऐसी दर्जन भर बस्तियां हैं जहां पानी नहीं आने की शिकायत उपभोक्ताओं द्वारा की जा रही है। आए दिन बस्तियों में पानी का साथ छोड़ चुके बोर में पाइप बढ़ाने का काम किया नगरपालिका द्वारा किया जा रहा है। बिन पानी के बोर चलने से मोटर खराब हो रही है जिन्हें सुधारने के लिए डाला जा रहा है हालत यह हो गए कि पहले तो 12 घंटे में ही मोटर सुधार कर दे दी जाती थी अब 24 घंटे में दी जा रही है यानी पूरा एक दिन बिन पानी के रहना पड़ रहा है हालांकि यह समस्या नगर पालिका की अव्यवस्था के कारण नहीं प्राकृतिक प्रकोप के चलते निर्मित हुई है क्योंकि कुछ समय तक शहर की धरती में भरपूर पानी था जिससे खूब पेयजल आपूर्ति हो रही थी लेकिन अवर्षा के कारण पानी तेजी के साथ धरातल में जा रहा है। जानकारों के अनुसार अगर अगस्त माह में वर्षा नहीं हुई तो भयंकर जल संकट आ सकता है।




### पहले बिन चलाए चल रही थी बोर, अब चलाने पर भी नहीं आ रहा पानी

इस साल शहर का भूजल स्तर गर्मियों में बहुत कम गिरा है। गर्मियों में भूजल स्तर सामान्य से ऊपर था। औसत रिकॉर्ड के अनुसार शहरी क्षेत्र का भूजल स्तर 90 फीट रहा है लेकिन गर्मियों से पहले तक कई बोर से पानी बिन चलाएं निकल रहा था हैंडपंप पानी ऐसे उगल रहे थे जैसे किसी ने बोर चलाई हो खेतों में पानी भर जाने से किसान परेशान हो गए थे और अब जब गर्मियों के बाद बारिश का सीजन आया है तो बोर का पानी तेजी के साथ धरातल की ओर जा रहा है जो चिंता का विषय है।

### पानी के अत्यधिक दोहन से बिगड़ी स्थिति

शहर में भूजल स्तर तेजी से नीचे जाने का जो कारण माना जा रहा है वह वर्षा नहीं होना तो है ही साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में अत्यधिक जल दोहन का कारण भी है बारिश नहीं होने से खेती किसानी जमीन बोर के पानी पर निर्भर रह गई है जिससे किसान खेतों में लगी बोरों को 24 घंटे चला कर पानी सिंचाई कर रहे हैं यह बोर कितना अधिक पानी खींच रही है कि इसकी बानगी शहर में तेजी से गिर रहा है। अवर्षा किसानों के लिए जीवन मरण का प्रश्न है अगर वह बोर बंद करते हैं तो उनकी पूरी फसल बर्बाद हो जाएगी क्योंकि आसमान से पानी नहीं बरसाने से वैसे ही फसल उत्पादन में कमी साफ दिखाई पड़ रही है।

### इनका कहना है...

भूजल स्तर तेजी से गिर रहा है लेकिन फिलहाल स्थिति काबू में है। आए दिन वार्डो से शिकायत मिलने पर टीम तत्काल भेज कर समस्या का निराकरण भी कर रहे हैं। कलेक्टर शीला दाहिमा और नपाधक्ष रेनू सुजीत गर्ग के निर्देश पर पानी की अनावश्यक बर्बादी रोकने और जल का संरक्षण करने का अभियान चलाएंगे।

**नरेंद्र जाटव**
**सीएमओ श्योपुर**

16 को बाबा के दरबार में झंडा चढ़ाकर होगा यात्रा का समापन

# श्योपुर से 15 अगस्त को जाएगी जैनी के श्री क्षेत्रपाल बाबा की पैदल यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जन-जन की आस्था के केन्द्र ग्राम जैनी स्थित श्री क्षेत्रपाल बाबा के दर्शनों के लिए एक पैदल यात्रा 15 अगस्त शनिवार को श्योपुर से गाजेबाजे के साथ रवाना होगी। क्षेत्र की खुशहाली की कामना के लिए चामुंडा माता समिति श्योपुर की अगुवाई में यह 16 वीं पैदल यात्रा है। यात्रा का समापन 16 अगस्त रविवार को बाबा के दरबार में झंडा चढ़ाकर होगा।

चामुंडा माता समिति वार्ड 10 श्योपुर द्वारा बताया गया है कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री क्षेत्रपाल बाबा की पैदल यात्रा 15 अगस्त को सुबह 9 बजे टोड़ी बाजार स्थित श्री गणेश मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना के साथ शुरू होगी। पैदल यात्रा में बडी संख्या में श्रद्धालु शामिल होगे, जो नाचते-गाते और जयकारे लगाते हुए जाएंगे। सलापुरा, रायपुरा, सोंईकलां, भोगिका तिराहा, जावदेश्वर होते हुए यह पैदल यात्रा जिंद बाबा की बाबडी पर पहुंचेगी। जहां यात्रा में शामिल यात्रियों का रात्रि विश्राम होगा। रात्रि विश्राम के बाद पैदल यात्री 16 अगस्त रविवार सुबह यहां से रवाना होगे और ग्राम जैनी स्थित श्री क्षेत्रपाल बाबा के दरबार में पहुंचेगे। जहां पैदल यात्री विधिवत पूजा अर्चना के साथ झंडा चढ़ाकर यात्रा का समापन करेगे और बाबा से क्षेत्र की खुशहाली की कामना करेगे।



### पैदल यात्री सोंईकलां में करेंगे दोपहर का भोजन

15 अगस्त को श्योपुर से रवाना होने वाली श्री क्षेत्रपाल बाबा की पैदल यात्रा में शामिल पैदल यात्रियों का दोपहर का भोजन सोंईकलां में रहेगा। इस बार सोंईकलां में पैदल यात्रियों के लिए भोजन की व्यवस्था युवा समाजसेवी राममिलन रावत मित्र मंडल सोंईकलां की तरफ से रहेगी। पैदल यात्रा का रात्रि विश्राम जिंद बाबा की बावडी पर रहेगा।

# यातायात पुलिस ने बर्धाबुजुर्ग में लगाई चौपाल, ग्रामीणों को किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

ट्रैफिक नियमों की जानकारी प्रदान करने तथा सडक दुर्घटना में घायल लोगो को तत्काल नजदीकी अस्पताल में पहुंचाने के प्रति ग्रामीणो को जागरूक बनाने के उद्देश्य से यातायात थाना पुलिस के द्वारा पुलिस कप्तान मोतीउर रहमान के निर्देशन में इन दिनों गांव गांव चौपाल लगाई जा रही है। इसी क्रम में यातायात पुलिस ने गुरूवार को चंबल नहर रोड किनारे बसे देहात थाना क्षेत्र के ग्राम बर्धाबुजुर्ग के पास स्थित आबादी पंजाबी हाईस्कलू परिसर में ग्राम चौपाल लगाई। ग्राम पंचायत बर्धाबुजुर्ग के सरपंच प्रतिनिधी कप्तान सिंह जाट तथा हाईस्कूल प्राचार्य रामजीलाल गुप्ता की विशेष उपस्थिति में आयोजित ग्राम चौपाल में यातायात टीआई संजय सिंह राजपूत, सूबेदार अनिल बाथम ने ग्रामीणों को राहवीर योजना, हिट एंड रन प्रतिकर योजना, पीएम राहत कैशलेस उपचार योजना तथा यातायात के विभिन्न नियमों, सेफ ड्राइविंग व सड़क चिन्ह एवं रोड सेफ्टी के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया।

यातायात टीआई राजपूत ने ग्रामीणों को राहवीर बनने के लिए खास तौर पर जागरूक करते हुए कहा कि ग्रामीण यदि किसी घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाने का काम करेगे तो इससे न सिर्फ घायल की जान बच सकेगी, बल्कि ग्रामीण भी सम्मान के साथ पुरस्कार पाने के हकदार भी बनेगे। ग्राम चौपाल में इस दिशा में जागरूकता दिखाने वाले युवाओ को वॉलंटियर भी नियुक्त किया गया। चौपाल के दौरान बडी संख्या में स्कूली बच्चे व ग्रामीण मौजूद थे।




# रेत के अवैध खनन व परिवहन पर होगी सख्त कार्रवाई, घाटों पर लगेंगे कैमरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

चंबल घडियाल अभ्यारण से रेत के खनन को रोकने तथा निगरानी रखने के लिए नोडल अधिकारी कलेक्टर शीला दाहिमा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में अब तक किये गये उपायो एवं कार्यो की समीक्षा की गई तथा आगामी समय में की जाने वाली कार्यवाहियों पर विस्तार से चर्चा हुई।

कलेक्टर शीला दाहिमा ने कहा कि चंबल अभ्यारण क्षेत्र से होने वाले रेत के अवैध उत्खनन पर पूर्णतया रोक लगाई जाये तथा अवैध उत्खनन करने वालों पर कडी कानूनी कार्यवाही की जाये, बगैर नंबर के वाहनों को जब्त किया जायें तथा अवैध परिवहन के रास्तों पर नाकेबंदी बढाई जायें, खनिज नियमों के साथ ही वन्य जीव अधिनियम, बीएसएसएस, वन अधिनियम और खनिज अधिनियम के तहत मामले दर्ज कर कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। उन्होंने कहा कि एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार वन अधिकारियों के साथ मिलकर 15 दिन में एक बार संयुक्त निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। इसके साथ ही वन, पुलिस, राजस्व और खनिज विभाग की संयुक्त टीमें सप्ताह में दो बार औचक निरीक्षण करेंगी और इसकी वीडियोग्राफी बॉडी-वर्न कैमरो और जीपीएस उपकरणो से की जायेगी। संवेदनशील क्षेत्रो में अवैध खनन पाये जाने पर संबंधित वन अधिकारी, थाना प्रभारी, खनन अधिकारी और राजस्व अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। उन्होंने कहा कि अवैध खनन के मामलों में विशेष लोक अभियोजक नियुक्त होंगे तथा 60 दिन के अंदर चार्जशीट दाखिल की जायेगी। उन्होने बताया कि एक डिजिटल शिकायत निवारण प्लेटफार्म और क्यूआर कोड सिस्टम स्थापित किया जायेगा, जहां कोई भी नागरिक अथवा ग्रामीण गुप्त रूप से फोटो, वीडियो अपलोड कर घडियाल क्षेत्र में अवैध खनन अथवा शिकार की शिकायत दर्ज करा सकेंगे। एसपी मोती उर रहमान ने कहा कि थानो में खनिज से संबंधित होने वाली कार्यवाही का प्रतिवेदन डीएफओ को भी भेजा जाये तथा रेत के अवैध भण्डारण पर भी कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। उन्होंने कहा कि हासिलपुर, सलापुरा, ओछापुरा और ललितपुरा में बनाये गये नाको पर सख्ती से निरीक्षण सुनिश्चित किये जाये। डीएफओ केएस रंधा ने बताया कि चंबल एवं पार्वती क्षेत्र के 10 घाट बडोदिया बिंदी, राजौरा, कुंहाजापुर, जलालपुरा, अडवाड, दलारनाकलां, दांतरदा कलां, टोगनी, रामेश्वर, बगदिया, अर्रोदरी, बरोली पर रेत के अवैध उत्खनन की सीसीटीवी कैमरो से निगरानी की जायेगी, उन्होंने बताया कि अभ्यारण क्षेत्र में 16 चौकियां भी बन रही है, अस्थाई रूप से चौकियां संचालित कर दी गई है, जिन पर भी कैमरे लगाये जायेगे, उन्होंने कहा कि रेत खनन और परिवहन में लिप्त वाहनो को राजसात करने की कार्यवाही की जायेगी। बैठक में एडीएम रूपेश उपाध्याय, एएसपी प्रवीण भूरिया, एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा, कराहल बीएस श्रीवास्तव, विजयपुर अभिषेक मिश्रा, एसडीओ श्योपुर राजीव गुप्ता, बडौदा अवनीत शर्मा, माईनिंग अधिकारी राजेश गगेंले, जिला परिवहन अधिकारी जगदीश सिंह भील सहित तहसीलदार, नायब तहसीलदार और संबंधित क्षेत्रों के थाना प्रभारी उपस्थित थे।




# मानव तस्करी जघन्य अपराध, जिसे रोकने समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिकता आवश्यक: यास्मीन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मानव तस्करी एक जघन्य अपराध है जिसकी रोकथाम के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जागरूकता और सहभागिता आवश्यक है। महिलाओं, बच्चों और कमजोर वर्गों को इस अपराध के प्रति जागरूक कर व समय रहते सूचना देकर मानव तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। यह बात महिला थाना टीआई यास्मीन खान ने गुरूवार को विश्व मानव दुर्व्यापार निरोधी दिवस पर महिला थाने में एसपी मोतीउर रहमान के निर्देशन में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। जागरूकता कार्यक्रम में आधा सैकडा के करीब महिलाए सहित आमजन मौजूद था। महिला थाना टीआई यास्मीन खान ने जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो को विश्व मानव दुर्व्यापार संबंधी कानूनों की जानकारी देते हुए कहा कि यदि इस संबंध में कोई भी सूचना मिले तो पुलिस को तत्काल सूचित करें। उन्होने डायल 112, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 व महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 के बारे में भी जानकारी प्रदान की।

### विधवा महिला से जेठ ने की छेड़छाड़

श्योपुर। मानपुर थाना क्षेत्र में एक विधवा महिला के साथ उसके जेठ के द्वारा छेड़छाड़ किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर उसके जेठ पर मामला दर्ज कर लिया है। मानपुर थाना पुलिस के मुताबिक यह घटना गुरूवार की सुबह तब घटित हुई, जब पीड़ित महिला गोबर डालने के लिए घर के पास ही बने बाडे में गई थी, तभी मौका देखकर उसके जेठ ने हाथ पकड़कर छेड़छाड़ कर दी और गाली गलौज भी कर दी। पीड़िता के शोर मचाने पर आरोपी जेठ मौके से भाग गया। इसके बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर जेठ के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज करा दिया।

# प्राध्यापक डॉ विपिन बिहारी शर्मा सेवानिवृत्त कॉलेज स्टाफ ने दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

पूरी सत्यनिष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ अपने पदीय दायित्वों का निर्वाह करने वाले शासकीय पीएम एक्सीलेंस कॉलेज श्योपुर के फिजिक्स के प्राध्यापक डॉ विपिन बिहारी शर्मा 31 जुलाई को सेवानिवृत्त होने जा रहे है। इसी क्रम में शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय श्योपुर में एक विदाई समारोह आयोजित डॉ विपिन बिहारी शर्मा को कॉलेज स्टाफ के द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम ज्ञान की देवी मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण और छात्रा नम्रता चौहान द्वारा सरस्वती वंदना का गायन किए जाने के बाद हुआ। इसके पश्चात कन्या महाविद्यालय के स्टाफ एवं छात्राओं द्वारा सेवानिवृत्त डॉ विपिन बिहारी शर्मा का माल्यार्पण, श्रीफल भेंट कर, शॉल पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर उनकी जीवनसंगिनी अनिता शर्मा को भी सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त डॉ विपिन बिहारी शर्मा के बारे में उनके साथ कार्य करने वाले महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओ पी शर्मा, प्राध्यापक डॉ रमेश भारद्वाज, मुख्य लिपिक आर पी बाजूला आदि ने अपने अनुभव साझा किए। शिक्षा क्षेत्र में उनकी निष्ठा, निस्वार्थ भावना, समाज सेवा, गौ सेवा, विद्यार्थियों के प्रति प्रेम आदि पर विस्तार से बताया गया। डॉ लोकेंद्र सिंह जाट, डॉ खेमराज आर्य, डॉ धर्मेन्द्र शाक्य, गिरजेन्द्र शर्मा, बालकृष्ण वैष्णव, अनिल कुमार तोमर ने भी डॉ विपिन बिहारी शर्मा से संबंधित प्रेरक प्रसंग बताए। महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ श्याम लाल बामनिया ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ परवीन वर्मा ने किया।



स्टेंडिंग कमेटी की बैठक में पार्टी प्रतिनिधियों को दी मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन की प्रतियां

# श्योपुर की तीनों निकायों में 85558 वोटर तो 236 पंचायतों में 4 लाख 39 हजार 583 मतदाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किए जाने के बाद गुरूवार को स्टेंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शीला दाहिमा के मार्गदर्शन तथा अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी बीएस श्रीवास्तव, एसडीओपी राजीव गुप्ता, भाजपा से दिनेश दुबोलिया, कांग्रेस से सुमेर सिंह, बसपा से विकास बौद्ध, आम आदमी पार्टी से अनिल मीणा, इलेक्शन सुपरवाईजर प्रीति आर्य, स्थानीय निर्वाचन से जयवीर सिंह भदौरिया आदि उपस्थित थे।

बैठक में उपस्थित पार्टी प्रतिनिधियों को नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन की प्रतियां उपलब्ध कराई गई। बता दें कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन गत 27 जुलाई को कर दिया गया। अंतिम प्रकाशन के अनुसार श्योपुर जिले की तीनों नगरीय निकायो श्योपुर, विजयपुर और बडौदा में अब कुल 85 हजार 558 मतदाता हो गए है। वहीं जिले की 236 ग्राम पंचायतों में कुल 4 लाख 39 हजार 583 मतदाता हो गए है।




### नपा श्योपुर में हो गए 59477 मतदाता

अंतिम प्रकाशन अनुसार नगरपालिका श्योपुर में अब कुल मतदाताओं की संख्या 59 हजार 477 हो गई है। जिनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 30 हजार 322 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 29 हजार 154 है, थर्ड जेंडर के रूप में एक मतदाता दर्ज है। वहीं नगर परिषद बडौदा में कुल मतदाता 13 हजार 310 है, जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 6 हजार 862 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 6 हजार 448 है। जबकि नगर परिषद विजयपुर में कुल मतदाता 12 हजार 771 हो गए है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 6 हजार 760 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 6 हजार 10 है, थर्ड जेंडर के रूप में एक मतदाता दर्ज है।

### जनपद श्योपुर में सबसे ज्यादा वोटर

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन अंतर्गत मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण कार्यक्रम उपरांत मतदाता सूचियों का जो अंतिम प्रकाशन किया गया है, उसके मुताबिक श्योपुर जिले की तीनो जनपद पंचायतो में सबसे ज्यादा वोटर जनपद पंचायत श्योपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायतो में है। बता दें कि जनपद पंचायत श्योपुर अंतर्गत 96 पंचायते आती है और इन 96 ग्राम पंचायतो में मतदाताओं की कुल संख्या 1 लाख 76 हजार 879 है, पुरूष मतदाताओं की संख्या 91 हजार 958 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 84 हजार 920 है, थर्ड जेंडर के रूप में एक मतदाता दर्ज है। जनपद पंचायत विजयपुर के अंतर्गत आने वाली 88 ग्राम पंचायतों में कुल मतदाताओं की संख्या 1 लाख 62 हजार 705 है, जिसमें 86 हजार 970 पुरूष मतदाता एवं 75 हजार 734 महिला मतदाता शामिल है, थर्ड जेंडर मतदाता की संख्या 01 है। जबकि जनपद पंचायत कराहल के अंतर्गत आने वाली 52 पंचायतों में मतदाताओं की कुल संख्या 99 हजार 999 है, पुरूष मतदाताओं की संख्या 51 हजार 25 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 48 हजार 973 है, थर्ड जेंडर के रूप में एक मतदाता दर्ज है

### अगले साल प्रस्तावित है पंचायत और निकाय चुनाव

श्योपुर जिले सहित मध्यप्रदेश में वर्ष 2027 में ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव होना प्रस्तावित है। इसके मद्देनजर राज्य निर्वाचन आयोग ने तैयारियां शुरू कर दी है। पंचायत और नगरीय निकाय अंतर्गत मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन अगले साल होने वाले पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों का ही हिस्सा माना जा रहा है।



### फरार चल रहा नशा तस्कर पुलिस ने दबोचा

श्योपुर। देहात थाना पुलिस ने फरार चल रहे एक नशा तस्करो को दबोचकर जेल भेजा है। देहात थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि पिछले दिनों 30 किलो गांजा पकडने की जो कार्रवाई की गई थी, उस कार्रवाई के दौरान तीन आरोपी तो मौके पर ही पकडे गए थे, जिन्हें जेल भेज दिया था, लेकिन एक आरोपी बलवीर पुत्र रघुवीर मीणा निवासी ढोटी फरार हो गया था। जिसे मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर दबोच लिया गया।

### श्री हजारेश्वर स्कूल में प्रवेश मेला आयोजित

श्योपुर। शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय श्योपुर के प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा के मार्गदर्शन में गुरूवार को महाविद्यालय में विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए चलाए जा रहे प्रवेश मेले कार्यक्रम के परिपेक्ष्य में शासकीय श्री हजारेश्वर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्योपुर में प्रवेश लेने के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के अंग्रेजी के सहायक प्राध्यापक डॉ महेश कुशवाहा, डॉ खेमराज आर्य, डॉ धर्मेन्द्र शाक्य, डॉ राहुल कुमार कुशवाहा ने महाविद्यालय में प्रवेश की प्रक्रिया, नई शिक्षा नीति के अनुसार विषय चयन, शासन की छात्रवृत्ति योजनाओं आदि के विषय में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य रश्मि एवं स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा।




# चंबल नहर में डूबने से राजस्थान के मजदूर की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के पोलाहेत गांव के पास चंबल नहर में गुरुवार को राजस्थान के एक मजदूर की नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई। इस मामले की सूचना मिलने पर रघुनाथपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नहर से बाहर निकलवाकर अपने कब्जे में लिया और मर्ग दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

रघुनाथपुर थाना प्रभारी शशि तोमर ने बताया कि चंबल नहर में नहाने के दौरान डूबे मजदूर की पहचान जसपाल पुत्र गणपत ओढ़, निवासी अटरू, जिला बारां (राजस्थान) के रूप में हुई है। वह अपने परिवार के साथ क्षेत्र में वन विभाग की बाउंड्री निर्माण कार्य में मजदूरी करने आया था। प्रारंभिक जांच के दौरान यह बात सामने आई कि जसपाल काम के दौरान नहाने के लिए चंबल नहर में गया था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और चंबल नहर में डूब गया। काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटा, तब साथियों ने उसकी तलाश शुरू की। बाद में उसका शव नहर में दिखाई दिया। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर शव को पीएम के लिए भिजवा दिया है।

## खबर संक्षेप

### शाढौरा के जर्जर भवन में होगी डिस्मेंटल की कार्रवाई

**अशोकनगर।** शासकीय अनुसूचित जाति बालक सीनियर छात्रावास द्वितीय शाढौरा का भवन जर्जर होने से कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग द्वारा गिराये जाने की अनुशंसा सहित अग्रिम कार्यवाही की गई है। जिला संयोजक जनजातीय कार्य अनुसूचित जाति विकास द्वारा उक्त संस्था में प्रवेश या उसका उपयोग किया जाना प्रतिबंधित किया गया है।

### मुंगावली क्षेत्र में स्कूल वाहनों की चैकिंग की

**अशोकनगर।** जिला परिवहन अधिकारी झितिज सोनी द्वारा मुंगावली क्षेत्र में वाहनों की चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान वाहन के दस्तावेजों एवं वाहनों में कमी पाये जाने पर 04 वाहन जिसमें सेंटमीरा स्कूल से 40000 रूपये, संस्कार प्ले स्कूल से 5000 रूपये शमन शुल्क लिया जा कर चालानी कार्यवाही की। शमन शुल्क की कुल राशि 45500 वसूल किया गया। चैकिंग के दौरान स्कूल वाहनों में स्पीड गवर्नर/पैनिक बटन/अग्निशमन यंत्र एवं इमरजेंसी खिड़की जाम होने पर नियमानुसार चालानी कार्यवाही की गई है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नावनी निवासी श्याम मिश्रा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजपाल और कृष्णपाल बुंदेला ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत टीला पठार निवासी खिलन आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अक्कू, सुसांत, सत्यम यादवने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गोरा चक्क निवासी काशी बाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शोभाराम, विक्रम और छोटू अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं, जिले की मुंगावली थाने की पुलिस ने ग्राम माधौपुर निवासी राजकुमार सिह मोगिया और गौरीशंकर मोगिया के पास से 30 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब और एक बाईक बरामद की है। जिले की शाढ़ौरा थाने की पुलिस ने परवई चक्क निवासी बृजेश अहिरवार के पास से 5 लीटर कच्ची शराब बरामद की है।

### सर्प दंश से महिला की मौत

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत गुडडी बाई पत्नि भीमा आदिवासी उम्र 60 साल निवासी मामौन थाना कदवाया को अजय यादव के मक्के के खेत में सर्प ने डस लिया था, महिला को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई।

### उप निरीक्षक पूनम सेलर को देहात थाना प्रभारी बनाया गया

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने देहात थाना प्रभारी भुवनेश शर्मा के स्थानांतरण के बाद कचनार के थाना प्रभारी पूनम सेलर को देहात थाना प्रभारी बनाया है और थाना कोतवाली से सतेन्द्र कुशवाह को थाना प्रभारी कचनार बनाया गया है। इसी प्रकार मंजीत त्रिवेदी सहायक उपनिरीक्षक साइबर सेल को थाना कोतवाली भेजा गया है और निरीक्षक रितु चैहान को महिला सुरक्षा शाखा से महिला पुलिस थाना प्रभारी बनाया गया है।

### विभाजन आदेश जारी

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के आदेशानुसार जिले में पदस्थ तहसीलदार,प्रभारी तहसीलदार तथा प्रभारी नायव तहसीलदार के मध्य कार्य विभाजन आदेश में आंशिक संशोधन किया गया है। जारी आदेशानुसार कुलदीप सिंह को अशोकनगर से तहसील मुंगावली, शंभु सिंह मीणा प्रभारी तहसीलदार को तहसील मुंगावली से तहसील नईसराय, धुरव सिंह बुन्देला प्रभारी नायव तहसीलदार को भू संसाधन प्रबंधन अशोकनगर से ईसागढ, आलोक श्रीवास्तव तहसीलदार नईसराय को अशोकनगर के लिये पदस्थापना की गई है।

---

जिले भर में गुरू पूर्णिमा का पर्व उत्साह से मनाया गया, गुरू की पूजा कर लिया आशीर्वाद

# ‘गुरू केवल ज्ञान नहीं देते बल्कि वह जीवन को नई दिशा भी देते हैं’






हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

गुरू पूर्णिमा का पर्व गुरूओं की पूजा का संदेश लेकर आता है, यह हमे अवगत कराता है कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में गुरू अवश्य होना चाहिए, गुरू ही हमारे जीवन के सच्चे मार्गदर्शक होते हैं। वह हमें सफलता के मार्ग पर चलना सिखाते हैं, गुरू पूर्णिमा के अवसर पर जिले भर में गुरूओं की पूजा की गई।

### तार वाले बालाजी मंदिर पर गुरू सम्मान का आयोजन हुआ

तार वाले बालाजी मंदिर पर पूज्य गुरुदेव पंडित रामेश्वर दयाल मिश्रा के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा उत्सव श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश महामंत्री रमेश नायक ने मंदिर के पुजारी एवं पूज्य गुरुदेव पंडित रामेश्वर दयाल मिश्रा का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर माल्यार्पण किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। सकल हिंदू समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दीपक मिश्रा ने कहा कि तार वाले बालाजी मंदिर की ख्याति पूज्य पंडित रामेश्वर दयाल मिश्रा के त्याग, तपस्या एवं समर्पण का परिणाम है। कार्यक्रम में साहू समाज के पूर्व अध्यक्ष हरिराम साहू, रामस्वरूप शिवहरे, गोपाल शिवहरे, हरिओम रघुवंशी, कमलेश गुप्ता, बबलू, कान्ताप्रसाद उरझुरू, राकेश महाराज, रामजीवन शर्मा सहित सकल हिंदू समाज के अनेक पदाधिकारी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। **गुरु पूर्णिमा पर चन्देरी के आश्रमों में उमड़ा जनसैलाब, सकलकुड़ी व कुरवासा धाम में दिनभर चले भंडारे**-चंदेरी नगर व आसपास के क्षेत्रों में बुधवार को गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व अपार श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।



### गुरु-शिष्य परंपरा का केंद्र बने आश्रम

स्थानीय मान्यताओं और परंपरा के अनुसार, कुरवासा धाम में विराजमान मौनी महाराज, चन्देरी में विराजमान प्रसिद्ध हौलु महाराज के शिष्य हैं। गुरु-शिष्य के इस अनूठे संबंध के कारण दोनों ही स्थानों की महत्ता अत्यधिक मानी जाती है। यही वजह रही कि श्रद्धालुओं ने दोनों ही धामों में पहुंचकर गुरु पूजन किया और पुण्य लाभ कमाया।

### दिनभर चलते रहे विशाल भंडारे

गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर सकलकुड़ी धाम और कुरवासा धाम के साथ-साथ क्षेत्र के अन्य सभी सिद्ध स्थानों पर भी भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। सभी प्रमुख स्थलों पर विशाल भंडारों का आयोजन किया गया, जहाँ हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए आश्रम समितियों और स्थानीय सेवाभावी लोगों का विशेष योगदान रहा।

### मोहरी धाम में मनाया गया भव्य गुरु पूर्णिमा महोत्सव

ब्राह्मण गोड बाबा के यहां दरबार लगाया गया जहां सुबह 5 से शाम 5 बजे तक,दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्री राम कथा एवं भागवत कथा वाचक जगतगुरु आचार्य देव मुरारी बापू ने बताया कि मंत्र के ऋषि एवं मंत्र परंपरा के अंतर्गत माता जानकी ने हनुमान जी को मंत्र दिया यह मंत्र अगस्त जी व्यास जी आदि के द्वारा शिष्य परंपरागत युगों से चली आ रही परंपरा है जो आज भी गुरु निष्ठावान शिष्यों को मंत्र दीक्षा देकर वैष्णव बनाते हैं एवं सन्यास परंपरा में भी मंत्र दीक्षा होती है। गुरु के बिना किसी भी व्यक्ति का कल्याण नहीं होता। नारद जी को भी गुरु बनाना पड़ा जो गुरु नहीं बनाते हैं बिना बनाए हनुमान जी भगवान श्री कृष्ण एवं शंकर जी स्वयं गुरु होते हैं। भगवान शंकर जी के लिए कहा गया है,,तुम त्रिभुवन गुरु वेद मखाना, भगवान श्री कृष्ण के लिए कहा गया है,कृष्णं बंदे जगतगुरु, हनुमान जी के लिए कहा गया है, कृपा करहु गुरुदेव की नई, लोगों में यह शंका रहती है कि हम ज्ञानी को और बड़े सिद्ध संत महात्मा को गुरु बनाएं तो यह सोच गलत है गुरु किसी को भी बनाया जाता है।

### नेहरू डिग्री कॉलेज में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु पर्व का आयोजन

**अशोकनगर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू डिग्री कॉलेज अशोकनगर में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर महर्षि सांदीपनि गुरु पर्व का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश व विशिष्टि अतिथि के रूप में डॉ. विजय सिंह विभागाध्यक्ष राजनीति शास्त्र व विशाल



नरवरिया विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं महर्षि सांदीपनि गुरु जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व मां सरस्वती के गायन से किया गया स इस मौके पर महाविद्यालय में उपस्थित सभी गुरुजनों का स्वागत-सम्मानित किया गया व मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मध्य प्रदेश का सांदीपनि अलंकरण समारोह 2026 कार्यक्रम का सीधा प्रसारण छात्रों दिखाया गया।

---

सीबीएसई क्लस्टर 11 खो-खो कंपटीशन का आयोजन

## गोमती नंदन पब्लिक स्कूल की अंडर 14 बालिका वर्ग ने जीता रजत पदक




हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

रायसेन जिले में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर 11 खो-खो कंपटीशन में गोमती नंदन पब्लिक स्कूल की अंडर 14 बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 टीमों से कड़े मुकाबलों के बाद अपने शानदार खेल और बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर फाइनल में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक अपने नाम किया। इस वर्ष विद्यालय के लिए पहला रजत पदक है। इस शानदार सफलता से विद्यालय, खिलाड़ियों, कोच एवं शाला परिवार में हर्ष का माहौल है। स्कूल डायरेक्टर विकास अग्रवाल, प्राचार्या शिखा अग्रवाल, एचएम सोनाक्षी एवं एओ शैलेंद्र ने सभी विजेता खिलाड़ियों एवं कोचिंग टीम को बधाई दी तथा खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने टीम के कोच कोमल सिंह पटेल, शिखा मिश्रा, गीतेश रैकवार एवं प्रदीप अठिया को भी इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए बताया टीम की यह सफलता खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन, समर्पण और कोचिंग टीम के निरंतर मार्गदर्शन का परिणाम है।

## लेटरल एंट्री/12जी गणित से द्वितीय वर्ष में प्रवेश का अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शासकीय पॉलिटेकनिक कॉलेज, अशोकनगर में सत्र 2026-27 के लिए इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रमो में कक्षा 10वी उत्तीर्ण छात्रों के प्रथम वर्ष में प्रवेश के दो राउंड की समाप्ति के उपरांत तीसरा सीएलसी राउंड आरम्भ हो गया है। यह राउंड दिनांक 04 जुलाई से आरम्भ होकर दिनांक 14 अगस्त तक चलेगा। सीएलसी राउंड में प्रवेश ‘पहले आओ- पहले पाओ’ के आधार पर दिनांक 06 जुलाई से संस्था में उपस्थित होकर प्राप्त किया जा सकता है। रजिस्ट्रेशन के उपरांत उपस्थित होने वाले छात्र-छात्राओं के लिए प्रवेश प्राप्त करने हेतु दिनांक 06 जुलाई से 14 अगस्त तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को संस्था में काउंसलिंग राउंड का आयोजन किया जाएगा। यह प्रवेश 10वीं कक्षा के अंको के आधार पर किया जायेगा। इच्छुक छात्र ब्स्ब राउंड का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराके सोमवार, बुधवार या शुक्रवार को संस्था में प्रवेश हेतु उपस्थित हो सकते है। कॉलेज में सिविल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग शाखाओ में शेष बची हुई सीटों पर प्रवेश प्रदान किया जा रहा है।

---

विद्यार्थियों ने निकाली नशा मुक्ति रैली, किया पौधारोपण

## महाविद्यालय ईसागढ़ में गुरु पूर्णिमा पर सांदीपनि परंपरा का सम्मान

वयोवृद्ध शिक्षाविदों का शॉल एवं श्रीफल से सम्मान




हरिभूमि न्यूज ⏭ ईसागढ़

शासकीय महाविद्यालय ईसागढ़ में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व अत्यंत उत्साह, श्रद्धा और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। महान भारतीय सांदीपनि गुरु-शिष्य परंपरा को जीवंत रखने और भावी पीढ़ी में नैतिक मूल्यों का सिंचन करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में नगर के दो मूर्धन्य सेवानिवृत्त शिक्षाविदों का भावभीना सम्मान किया गया। इसके साथ ही महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति जन-जागरण रैली एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। समारोह का शुभारंभ भगवान श्री कृष्ण, महर्षि वेदव्यास एवं माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके पश्चात ईसागढ़ अंचल में शिक्षा की ज्योति जलाने वाले दो वरिष्ठ एवं सम्मानित विद्वानो सुरेंद्र राज (सेवानिवृत्त हेडमास्टर, छपरा) तथा नथन सिंह लोधी (सेवानिवृत्त शिक्षक) का महाविद्यालय परिवार द्वारा शॉल, श्रीफल एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर आत्मीय स्वागत व सम्मान किया गया। प्राचार्य अमित भार्गव ने कहा कि जगद्गुरु भगवान श्री कृष्ण ने स्वयं सांदीपनि ऋषि के आश्रम में रहकर एक साधारण शिष्य की भांति शिक्षा प्राप्त की थी। उन्होंने कहा श्री कृष्ण और सुदामा की सांदीपनि आश्रम की कथा हमें सिखाती है कि गुरु के द्वार पर सभी समान हैं। डॉ. दोहरे ने मध्यकालीन संत कबीर साहेब की अमर वाणी का उल्लेख करते हुए गुरु के उच्च स्थान को रेखांकित किया। गुरु पूर्णिमा के इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों की ओर से उन्होंने संकल्प लिया कि वे अपने गुरुजनों की सीख का पालन करेंगे और अनुशासित रहकर संस्थान तथा क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। स्वच्छता, नशा मुक्ति रैली और वृक्षारोपण का आयोजन गुरु पूर्णिमा के इस शुभ अवसर को सामाजिक सरोकारों से जोड़ते हुए महाविद्यालय में गतिविधियों का भी आयोजन किया गया।

### करुणा निधि सेवा समिति ने विशाल निःशुल्क नेत्र जांच शिविर किया आयोजित




**अशोकनगर।** करुणा निधि सेवा समिति ने विशाल निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जिसमें 120 मरीजों की जांच के बाद 70 मरीजों को चिन्हित कर ऑपरेशन के लिए भेजा गया। करुणा निधि सेवा समिति के अध्यक्ष माधव सिंह रघुवंशी ने बताया कि करुणा निधि सेवा समिति के तत्वाधान में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन रोटरी भवन में किया गया द्य जिसमें 120 मरीजों की आंखों की जांच कर, 70 को चिन्हित कर भोजन करा कर आनंदपुर लटेरी नेत्र चिकित्सालय ऑपरेशन के लिए भेजा गया, इसमें मरीजो को बस द्वारा ले जाना, वहां पर ठहराना, भोजन पानी, और ऑपरेशन कर बस से वापस लाना द्य यहां पर जहां से ले जाते हैं, वहीं पर छोड़ते हैं, यह सब फ्री सेवा रहती है। करुणा निधि सेवा समिति प्रत्येक माह के चैथे मंगलवार को नेत्र शिविर का आयोजन कराती है। इसमें आनंदपुर लटेरी नेत्र चिकित्सालय का एवं अशोकनगर रोटरी का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर डॉक्टर शिवगणेश, समिति कोषाध्यक्ष पारसचंद जैन, सहसचिव प्रदीप शर्मा, मानकचंद जैन, रोटरी अध्यक्ष विजय चौधरी आदि रहे मौजूद।

3 लाख 40 हजार रुपए के सोने के आभूषण बरामद

## फोटो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर अंतर सिंह कनेश एवं एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना देहात द्वारा फोटो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर सोने के आभूषण हड़पने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 03 लाख 40 हजार रुपये के सोने के आभूषण बरामद किए हैं। उल्लेखनीय है कि दिनांक 23.07.2026 को फरियादिया द्वारा थाना देहात में रिपोर्ट लेख कराई कि एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके निजी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने एवं जान से मारने की धमकी देकर उसे भयभीत कर तथा ब्लैकमेल कर उसके सोने के आभूषण ले लिए है। फरियादिया की रिपोर्ट के आधार पर थाना देहात में अपराध क्रमांक 435/2026 अंतर्गत धारा 308(4) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा तत्काल आरोपियों की पहचान एवं गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। इसके पश्चात थाना देहात में उप निरीक्षक अजीम अंसारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर तकनीकी एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान तकनीकी विश्लेषण एवं साक्ष्यों के आधार पर महेश पुत्र चिमन यादव, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम मुरादपुर, थाना धरनावदा, जिला गुना से पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसकी फरियादिया से इंस्टाग्राम के माध्यम से मित्रता हुई थी तथा साथ में खींचे गए फोटो वायरल करने की धमकी देकर उसने फरियादिया से सोने के आभूषण प्राप्त किए। आरोपी ने इस अपराध में अपने साथी हमीरा पुत्र चिमन सिंह यादव, उम्र 33 वर्ष, निवासी ग्राम अमरौदा, थाना बमौरी, जिला गुना की संलिप्तता भी स्वीकार की। पुलिस टीम द्वारा आरोपी महेश पुत्र चिमन यादव, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम मुरादपुर, थाना धरनावदा, जिला गुना एवं महेश पुत्र चिमन यादव, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम मुरादपुर, थाना धरनावदा जिला गुना को गिरफ्तार किया गया।

---

### गुरुपूर्णिमा पर पौधारोपण व जन जागरूकता का कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला अशोकनगर की नवांकुर संस्था श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति अशोकनगर द्वारा सेक्टर 04 (राजपुर) के चयनित आदर्श ग्राम महू आलमपुर में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर वैदिक यज्ञ, हनुमान चालीसा पाठ तथा 15 फलदार पौधों का रोपण किया गया। एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत अनार, आंवला, अमरूद, सीताफल, नींबू, जामुन, बेल के पौधे रोपित किए गए। समिति के सदस्य बलवीर सिंह यादव ने पेड़ों की रक्षा करने, ग्राम की गलियों की साफ सफाई रखने, प्लास्टिक थैली का कम से कम उपयोग करने की शपथ दिलाई।

कई संकुलों की उपेक्षा की गई, कुछ को अधूरा छोड़ा

## 35 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले शिक्षकों की विसंगति पूर्ण सूची जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर




जिला शिक्षा विभाग द्वारा 35 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले 159 शिक्षकों की चतुर्थ क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ दिए जाने की सूची जारी की गई है। यह सूची पूरी तरह विसंगति पूर्ण हैं, जिसमें कईं संकुलों की उपेक्षा की गई है और कईं संकुलों को आधा अधूरा छोड दिया गया है। 4 माह की प्रतिक्षा के बाद जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा द्वारा 35 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण कर चुके शिक्षकों की सूची जारी की गई है, इस सूची में 159 शिक्षकों को चतुर्थ क्रमोन्नति के वेतनमान का लाभ प्राप्त होगा। जिसमें कईं शिक्षकों को उपेक्षित किया गया है उनमे नाम इस सूची में नही हैं। कईं शिक्षकों ने बताया कि जो सूची जारी की गई है वह विसंगतिपूर्ण हैं, इस सूची में संकुल केन्द्र शाढ़ौरा और बहादुरपुर तथा ईसागढ के शिक्षकों के नाम छोड दिए गए हैं। जबकि मुंगावली और अन्य संकुल के आधे अधूरे नाम लिए गए हैं।

### शासन के आदेश 1 जुलाई 2023 के अंतर्गत लाभ प्रदान किया जाए

शासन के स्पष्ट आदेश है कि 1 जुलाई 2023 या उसके बाद जिन शिक्षकों ने 35 वर्ष का सेवा काल पूरा कर लिया है उन शिक्षकों को इसका लाभ दिया जाए। परन्तु सूची में 2020,2015 और 2021 के शिक्षकों को लाभ दिया गया है जो शासन के आदेश के विपरीत है।

### उच्च श्रेणी शिक्षकों के साथ मजाक बनाया गया

उच्च श्रेणी शिक्षक जो 6600 पे ग्रेड पर पहले से ही हैं उन्हें 5400 पे ग्रेड देकर मजाक बनाया गया है। जिन शिक्षकों के नाम इस सूची में नहीं हैं उनमें भारी आक्रोश है, शिक्षक संगठन लगातार 4 महीने से इस सूची को लेकर आंदोलन कर रहे थे। उसके बाद जब सूची आई तो पूरी तरह से विसंगतिपूर्ण है।

### बाबुओं ने सूची तैयार की अधिकारियों ने हस्ताक्षर कर दिए

बाबुओं ने अपनी सीटों पर बैठकर इस सूची को तैयार किया और अधिकारियों ने उस पर हस्ताक्षर कर दिए। न तो सर्विस बुक देखी गई और न ही शासन के आदेशों पर गौर किया गया, ऐसी स्थिति में शिक्षा विभाग को अपनी भूल सुधारकर शासन के आदेशों के अनुसार इस सूची को निरस्त कर नई सूची जारी की जाना चाहिए। ताकि वास्तविक रूप से जिन शिक्षकों को लाभ मिलना है उन्हें लाभ मिल सके।

### नई सूची जारी करेंगे

जिला शिक्षा विभाग द्वारा 159 शिक्षकों की सूची जारी की गई है जिन्हे चतुर्थ क्रमोन्नत वेतनमान मिलना है। जिनकी फाइलें पेंडिंग है उन फाइलों को भी देखा जा रहा है, तथा सूची में जो कमियां है उन पर गठित की गई जांच कमेटी के द्वारा सोमवार को देखकर नई सूची जारी की जाएगी। -मधु शर्मा जिला शिक्षा अधिकारी